<u>समाचार</u>

आयुक्त ने किया तालाबों के सफाई कार्यो का निरीक्षण

(कार्यो में गति लाकर सफाई कार्य को अंतिम रूप देने के दिए निर्देश)

कोरबा 10 जून 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने निगम क्षेत्र में स्थित तालाबों में किए जा रहे सफाई कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्यो में और अधिक तेजी लाएं तथा कार्य को अंतिम रूप दें ताकि वर्षा होने से पूर्व इन तालाबों की सफाई सुनिश्चित कर ली जाएं।

यहां उल्लेखनीय है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में जलसंरक्षण के मद्देनजर निगम क्षेत्र में स्थित तालाबों की सफाई का कार्य निगम द्वारा कराया जा रहा है। आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने इन तालाबों की सफाई के कार्यो का निरीक्षण किया, उनके साथ निगम में स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी उपस्थित थे, निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री एस.के. दुबे वार्ड क्र. 11 लक्ष्मणबन तालाब, वार्ड क्र. 29 स्थित पोड़ीबहार तालाब, वार्ड क्र. 37 स्थित उपका तालाब, वार्ड क्र. 47 स्थित जमनीपाली तालाब में पहुंचकर किए जा रहे स्वच्छता कार्यो का जायजा लिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सफाई कार्यो में तेजी लाएं एवं कार्य को अंतिम रूप दें।

<u>एन.एस.एस.के छात्रों ने किया सफाई कार्य</u>– के.एन. कालेज के एन.एस.एस. के छात्र–छात्राओं ने तालाब सफाई कार्यो में बढ़–चढ़कर अपनी सहभागिता दी, वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार तालाब की सफाई के कार्य में इन छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया तथा सफाई का कार्य किया। आयुक्त श्री दुबे ने एन.एस.एस. के इन छात्र–छात्राओं के कार्यो की सराहना की तथा तालाबों की सफाई कार्य में महती सहभागिता देने के लिए धन्यवाद दिया।